हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 14 सितंबर 2026
[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 चार साल से नहीं हुआ ठेका, नपा को उठाना पड़...



07 सोहागपुर स्टेशन पर ट्रेन के पैरदान में फंसा यात्री...



खबर संक्षेप

रक्षित निरीक्षण का तबादला रायसेन हुआ

नर्मदापुरम। पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश के आदेशानुसार नर्मदापुरम रक्षित केंद्र में पदस्थ रक्षित निरीक्षक स्नेह चंदेल का स्थानांतरण जिला रायसेन किया गया है। वहीं नरेंद्र कुमार त्रिपाठी, यातायात भोपाल को नर्मदापुरम में रक्षित निरीक्षक के पद पर पदस्थ किया गया है।



17 से शुरू होगी स्वामित्व अधिकार योजना

नर्मदापुरम। मध्यप्रदेश सरकार ग्रामीण आबादी की संपत्ति को वैधानिक मजबूती देने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू करने जा रही है। प्रदेश में 17 सितंबर से स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना- का शुभारंभ होगा। योजना का मुख्य उद्देश्य PM-SVAMITVA (स्वामित्व) योजना के तहत तैयार किए गए ग्रामीण आबादी के अधिकार अभिलेखों (Property Cards) का संबंधित भूमिस्वामियों के पक्ष में निःशुल्क पंजीयन कराना है।

प्रशासन ने जारी की गाइड लाइन, प्रतिबंधित रहेंगी पीओपी की मूर्तियां

'गणपति बप्पा मोरया' के जयघोष से 10 दिवसीय गणेशत्सव आज से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भादोमास की शुक्ल चतुर्थी से विघ्नहर्ता श्री गणेश की आराधना प्रारंभ होगी। जिले भर में भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। जिले की प्रमुख कॉलोनियों में गणपति स्थापना को लेकर आकर्षक पंडाल सज चुके हैं और मूर्तियों के आगमन की को लेकर तैयारी की जा रही हैं। वहीं विभिन्न जिला प्रशासन द्वारा इको-फ्रेंडली (मिट्टी की) प्रतिमाओं के उपयोग और जुलूस के दौरान शांति व सुरक्षा नियमों के पालन की अपील जारी की गई है। दूसरी ओर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन नर्मदा नदी सहित किसी भी प्राकृतिक जलस्रोत में सीधे नहीं किया जाएगा। विसर्जन के लिए संबंधित नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित कृत्रिम विसर्जन कुंड , स्थल का ही उपयोग करना अनिवार्य होगा।



गणेश चतुर्थी तिथि और शुभ मुहूर्त

- **गणेश चतुर्थी तिथिः सोमवार, 14 सितंबर चतुर्थी तिथि का प्रारंभः**
- **तिथि का समापनः 15 सितंबर 2026, सुबह 7:44 बजे**
- **प्रतिमा स्थापना मुहूर्तः 14 सितंबर को सुबह 11:02 बजे से दोपहर 1:31 बजे तक**
- **विसर्जन अनंत चतुर्दशीः शुक्रवार, 25 सितंबर**

आज घरों में विराजेंगे सुखकर्ता-दुखहर्ता

जिले भर में आज से 'गणपति बप्पा मोरया' के गगनभेदी जयकारों के साथ आज 10 दिवसीय गणेशोत्सव का भव्य शुभारंभ हो रहा है। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के पावन अवसर पर आज रिद्धि-सिद्धि के दाता भगवान श्री गणेश घर-घर और सार्वजनिक पूजा पंडालों में विराजेंगे।

पीओपी प्रतिमाओं पर सख्ती से प्रतिबंध के दिए निर्देश

गणेश उत्सव के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सिटी मजिस्ट्रेट सीमा बडोले के नेतृत्व में नगर पालिका सीएमओ एवं नगर तहसीलदार द्वारा शहर में गणेश प्रतिमाओं के निर्माण एवं विक्रय स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर प्लास्टर ऑफ पेरिस (POP) से निर्मित गणेश प्रतिमाएं पाए जाने पर संबंधित मूर्ति निर्माताओं एवं विक्रेताओं को पर्यावरणीय मानकों तथा शासन के निर्देशों का पालन करने के लिए निर्देशित किया गया। मौके पर पीओपी से निर्मित प्रतिमाओं के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने संबंधित मूर्ति निर्माताओं एवं विक्रेताओं को भविष्य में प्लास्टर ऑफ पेरिस के स्थान पर मिट्टी तथा अन्य पर्यावरण-अनुकूल सामग्री से गणेश प्रतिमाओं का निर्माण एवं विक्रय करने के निर्देश दिए। साथ ही गणेश उत्सव के दौरान पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया।

बाजारों में बढ़ी रौनक

बाजारों में पूजन सामग्री, फल, दूर्वा, फूलमाला और मिठाइयों की दुकानों पर एक दिन पूर्व से ही रौनक बनी हुई है। नगर के विभिन्न चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर भी विशाल एवं आकर्षक पूजा पंडालों का निर्माण किया गया है, जहां शाम को भव्य महाआरती का आयोजन होगा।

ऑनलाइन खरीदी के नाम पर महिला से 58 हजार की धोखाधड़ी

कपड़े का विज्ञापन दिखाकर उड़ाए खाते से पैसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

हरसंगत कॉलोनी के पीछे रहने वाली 58 वर्षीय महिला से ऑनलाइन कपड़े खरीदने के नाम पर 57,900 रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामला इटारसी का है, जहां हरसंगत कॉलोनी के पीछे रहने वाली एक 58 वर्षीय महिला को ऑनलाइन कपड़े खरीदने का विज्ञापन दिखाकर 57,900 रुपये का चूना लगाया गया है। फरियादी वीना सलारिया पति जसवीर सिंह सलारिया, निवासी हरसंगत कॉलोनी के पीछे, इटारसी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उन्हें ऑनलाइन कपड़े खरीदने का एक विज्ञापन दिखा। जब उन्होंने उस विज्ञापन पर क्लिक किया और कपड़े खरीदने की प्रक्रिया शुरू की, तो अज्ञात आरोपी ने उनके बैंक खाते से 57,900 रुपये धोखाधड़ी कर ट्रांसफर कर लिए। यह घटना 1 अगस्त से 5 अगस्त 2026 के बीच रात 9 बजे तक की बताई जा रही है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और साइबर सेल की मदद से आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे ऑनलाइन शॉपिंग करते समय सावधानी बरतें। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और न ही किसी के साथ अपनी बैंक डिटेल या ओटीपी शेयर करें। विश्वसनीय और जानी-मानी वेबसाइट्स से ही खरीदारी करें।

72 लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा, 1100 किलोग्राम लहान और 25 क्वार्टर देशी मदिरा जब्त

नर्मदापुरम। जिले में अवैध मदिरा के विक्रय एवं निर्माण के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में आबकारी विभाग द्वारा वृत्त पिपरिया के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के तहत कुल 8 प्रकरण कायम किए गए। आबकारी विभाग द्वारा पिपरिया के रायखेड़ी रोड, बनखेड़ी, पलिया पिपरिया, पासी ढाना, कामती एवं मुर्गी ढाना क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 72 लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा, 1100 किलोग्राम लहान एवं 25 क्वार्टर देशी मदिरा जब्त की गई। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 1 लाख 26 हजार रुपये बताई गई है।

सभापति ने दिए गणेश पंडालों के आसपास सफाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगर पालिका परिषद के सभापति राकेश जाधव ने अन्नपूर्णा परिसर में स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाकर क्षेत्र को स्वच्छ कराया गया तथा स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए गए। अन्नपूर्णा परिसर में सफाई अभियान चलाकर पूरे क्षेत्र की व्यवस्था दुरुस्त की गई। सभापति ने क्षेत्र में स्थापित गणेश पंडालों का जायजा लिया। सभी वार्ड मुकदमों को गणेश उत्सव के दौरान पंडालों के आसपास नियमित रूप से साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता प्रभारी कमल आर्य एवं सौरभ चावरे सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुस्कान संस्था में आयोजित 7 दिवसीय सेवा भारती के सुपोषण अभियान का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सेवा भारती मध्य प्रांत इटारसी द्वारा मुस्कान संस्था में आयोजित सप्ताहभर के सुपोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का रविवार को समापन हो गया। अभियान के दौरान बच्चों एवं बालिकाओं को संतुलित आहार, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। समापन अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रविन्द्र गुप्ता ने वार्ड क्रमांक 11, 12, 13 एवं 14 के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जरूरतमंद बच्चों को चिकित्सकीय सलाह के साथ दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। उन्होंने बच्चों के शारीरिक विकास के लिए प्रोटीन एवं संतुलित आहार को आवश्यक बताते हुए चना, मूंगफली, सोयाबीन, दाल, दूध, दही एवं पनीर जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों को भोजन में शामिल करने की सलाह दी।आयोजन में मुस्कान बालिका गृह की अधीक्षक सुरेखा धाकड़, शक्ति सदन की अधीक्षक विशाखा, संस्था प्रमुख शालिनी नेमोरिया, रानी राजपूत, वंदना मजूमदार सहित मुस्कान परिवार के सदस्य तथा सेवा भारती के मनोज राय, वीरेन्द्र दीक्षित, सुमित्रा तोमर, दीपा उइके, खुशबू भदौरिया एवं राखी मौर्य सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कविताओं पर केन्द्रीत श्री रामकृष्ण दीक्षित 'विद्यार्थी' स्मृति 'कवितायन' का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदांचल की अग्रणी सांस्कृतिक संस्था नर्मदापुरम कला जगत के तत्त्वावधान में कविताओं पर केन्द्रीत श्री रामकृष्ण दीक्षित 'विद्यार्थी' स्मृति 'कवितायन' कार्यक्रम अखंड मंडलेश्वर धाम, जगन्नाथ मंदिर, नर्मदा आश्रम, डोंगरवाड़ा नर्मदापुरम में संपन्न हुआ। कवितायन कार्यक्रम के इस विशिष्ट आयोजन में काव्यपाठ की विषय-वस्तु "परिवार" को उपस्थित कविगणों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया। कोविड काल में नर्मदापुरम कला जगत द्वारा आयोजित लोकप्रिय फेसबुक लाइव कार्यक्रम 'कवितायन' की यह प्रथम ऑफ़लाइन प्रस्तुति के बारे में संस्था सचिव डॉ. नमन तिवारी ने जानकारी दी।सारस्वत अतिथि पंडित गिरजाशंकर शर्मा एवं अध्यक्ष श्री राकेश फौजदार सहित समस्त कवियों का स्वागत संस्था के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राकेश दुबे, राजेश कुलश्रेष्ठ, सीमा दुबे, अर्कजीत सिंह चड्ढा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

युकां का अनोखा प्रदर्शनः गड्ढे का जन्मदिन मनाकर काटा केक, नपा को दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



वार्ड 06 स्थित ब्रिज के नीचे पिछले चार माह से अधूरी पड़ी सड़क और जानलेवा गड्ढों के विरोध में शनिवार को युवक कांग्रेस ने एक अनोखा प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने बीच सड़क पर गड्ढे का 'प्रतीकात्मक जन्मदिन' मनाते हुए केक काटा और नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली के खिलाफ अपना रोष व्यक्त किया।

4 माह से अधूरा काम : पाइपलाइन बिछाने के बाद से सड़क की मरम्मत नहीं की गई है।

शिकायतें रहीं बेअसर : दो महीने पहले भी सोशल मीडिया के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया गया था।

उग्र आंदोलन की चेतावनी : 7 दिन के भीतर निर्माण शुरू नहीं होने पर नगर पालिका घेराव का अल्टीमेटम। युवक कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष गौतम मैना ने कहा कि पाइप लाइन कार्य के बाद ठेकेदार और प्रशासन ने सड़क को खुदा हुआ ही छोड़ दिया है। लगातार शिकायतों के बाद भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ है। इन गड्ढों के कारण राहगीरों और वार्डवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस अनोखे विरोध प्रदर्शन में युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुफरान अंसारी, प्रदेश महासचिव कांग्रेस राजकुमार केलू उपाध्याय, नगर प्रवक्ता कांग्रेस मुकेश पिंकी शर्मा आदि शामिल रहे।

सम्मान समारोहः शिक्षक राष्ट्र निर्माताः पार्षद ज्योति बाबरिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शिक्षक दिवस के अवसर पर एसएसडीएसएम स्कूल, बंगलिया इटारसी में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद ज्योति बाबरिया ने स्कूल संचालक साधना योगी, विनोद योगी, रिंकी सराठे और पूर्व शिक्षक पुष्पा ठाकुर का सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। समारोह में समिति की सदस्य शकुंतला, स्वप्निल बौरासी, सचिन, लता अहिरवार, कीर्ति बौरासी एवं तबस्सुम बी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

आदिवासी समाज के आंदोलन को जिला कांग्रेस का समर्थन, जिलाध्यक्ष ने मांगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सर्व आदिवासी समाज नर्मदापुरम द्वारा समाज की विभिन्न मांगों एवं अधिकारों को लेकर आगामी 15 सितंबर को माखन नगर तहसील कार्यालय के सामने महा आंदोलन आयोजित किया जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम ने आंदोलन को अपना समर्थन देते हुए जिले के सभी कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में माखन नगर पहुंचकर आंदोलन में सहभागिता करने की अपील की है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने कहा कि आदिवासी समाज की जायज मांगों और उनके अधिकारों की लड़ाई में कांग्रेस हमेशा उनके साथ खड़ी रही है और आगे भी मजबूती से उनके साथ रहेगी।

आदिवासी समाज हमारे सामाजिक ताने-बाने का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उनके अधिकार, सम्मान और न्याय से जुड़े विषयों को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे आदिवासी समाज के साथ कांग्रेस की पूरी संवेदना और समर्थन है। उन्होंने जिले के सभी कांग्रेसजनों से अपील करते हुए कहा कि 15 सितंबर को अधिक से अधिक संख्या में माखन नगर पहुंचकर आदिवासी समाज की आवाज को मजबूती प्रदान करें।

पांडेय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव वंचित, शोषित एवं आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिले के सभी कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से अपील की गई है कि वे 15 सितंबर को माखन नगर तहसील कार्यालय के सामने आयोजित महा आंदोलन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

नपाध्यक्ष ने किया मूर्तिकारों के कारखानों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पर्यावरण संरक्षण और पवित्र नदियों को प्रदूषण से बचाने के लिए नगर पालिका परिषद पूरी तरह एक्शन मोड में आ गई है। इसी कड़ी में नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने अतिक्रमण दल के साथ गुप्ता ग्राउंड स्थित मूर्तिकारों के कारखानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष ने कारखानों में रखी प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों को तत्काल हटाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने मूर्तिकारों को कड़ा संदेश देते हुए चेतावनी दी कि यदि समय रहते पीओपी की मूर्तियां नहीं हटाई गईं, तो उनके खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के बाद नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने आम नागरिकों से मिट्टी की मूर्तियों की स्थापना करने की भावुक अपील की। उन्होंने कहा पीओपी जल, जंगल, जमीन और विशेषकर हमारी जीवनदायिनी नदियों व पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाती है।

पर्यावरण के प्रति जागरुकता बढ़ाने हुआ इको फ्रेंडली प्रतिमा निर्माण

दिव्यांग विद्यार्थियों संग माटी से बनाए गणेश, राज्य सभा सांसद माया नारोलिया ने दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने रविवार को निज निवास स्थित कार्यालय संवाद केंद्र में भविष्य विशेष विद्यालय के दिव्यांग विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ माटी से भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाएं बनाईं। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ सामाजिक समरसता का संदेश देना रहा।

माया नारोलिया ने कहा कि मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाएं पर्यावरण के लिए सुरक्षित हैं और बच्चों में रचनात्मकता एवं भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान बढ़ाती हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को माटी से निर्मित गणेश प्रतिमाएं वितरित कर पर्यावरण हितैषी तरीके से गणेशोत्सव मनाने का आग्रह किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री कुंवर सिंह यादव, मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया, भविष्य विशेष विद्यालय से योगेश शर्मा, मुस्कान एवं विनोद सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, विद्यार्थी, शिक्षक एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

'ईको-फ्रेंडली प्रतिमा निर्माण कार्यशाला' हुई

नर्मदापुरम। रायपुर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर में 'प्रखर ईको क्लब' के तत्वावधान में 'ईको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला' का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विद्यालय के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और मिट्टी (माटी) से सुंदर गणेश प्रतिमाएं बनाईं। विद्यालय के प्राचार्य श्री बी. पी. पठारिया ने बच्चों को पर्यावरण अनुकूल त्योहार मनाने की सीख दी। इस रचनात्मक पहल से न केवल बच्चों की कला प्रतिभा निखरी, बल्कि उनमें प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी जागृत हुई।

आनंद मेले में दिखा हुनर, 40 स्टॉल रहे आकर्षण का केंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज महिला मंडल के तत्वावधान में द्वितीय वर्ष आयोजित आनंद मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। मेले का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मेले में मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीतासरन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, उपाध्यक्ष निर्मल राजपूत, मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं समाज की मातृशक्तियां उपस्थित रहीं। आनंद मेले में लगभग 40 स्टॉल लगाए गए, जिनमें खान-पान, कपड़े, ज्वेलरी, कॉस्मेटिक, गृह उपयोगी सामग्री, आयुर्वेदिक उत्पाद तथा महिलाओं द्वारा तैयार किए गए होममेड प्रोडक्ट शामिल रहे।

खबर संक्षेप

ट्रेन हादसे में घायल अज्ञात व्यक्ति की मौत

बैतूल। बरबटपुर-मगरडोह के बीच ट्रेन हादसे में घायल मिले अज्ञात व्यक्ति की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। व्यक्ति को शुक्रवार शाम बेहोशी की हालत में शाहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद बैतूल जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 4 बजे 108 एंबुलेंस से घायल को शाहपुर अस्पताल पहुंचाया गया था। शरीर पर गंभीर चोटें थीं। डॉक्टरों ने तुरंत जिला अस्पताल भेजा। मृतक के पास कोई दस्तावेज या सामान नहीं मिला। पहचान नहीं हो सकी। मौत के बाद शव को जिला अस्पताल की मर्चुरी में सुरक्षित रखवाया गया है। पुलिस ने पहचान के लिए आसपास के थानों को सूचना भेजी है। तलाश शुरू कर दी है। अस्पताल पुलिस चौकी प्रभारी जयपाल रघुवंशी ने बताया कि मृतक की पहचान होने पर जिला अस्पताल पुलिस चौकी या संबंधित पुलिस थाने में सूचना दी जा सकती है।

सेवा संकल्प अभियान की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न



बैतूल। भाजपा प्रदेश प्रभारी महेन्द्र सिंह ने जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में आयोजित जिला पदाधिकारियों एवं सेवा संकल्प अभियान अभियान की जिला टोली सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में प्रारंभ हुई सेवा-यात्रा ने आज प्रधानमंत्री के रूप में 25 वर्षों का गौरवपूर्ण पडाव पूरा किया है। माननीय मोदी जी का यशस्वी जीवन गुजरात से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्र नेतृत्व तक, हर दायित्व में राष्ट्रहित और जनकल्याण हेतु सर्वोपरि रहा है। सेवा, समर्पण और संकल्प की इस प्रेरणादायी यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर से हो रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने अभियान के अंतर्गत किये जाने वाले कार्य एवं प्रभारियों की जानकारी देते हुए कहा कि 17 सितम्बर को भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा प्रदेश भर में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। वहीं आर्शीवाद का दिया कार्यक्रम के तहत हर लाभार्थियों के घर पर जलाया जाएगा। श्री खंडेलवाल ने कहा कि अभियान के तहत प्रत्येक शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में राष्ट्रव्यापी ड्राइंग और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। वहीं सेवा स्मरण कार्यक्रम के अंतर्गत संगीतमय नाट्य प्रस्तुती की जाएंगी। श्री खंडेलवाल ने बताया कि 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक 13 सेवा के कार्य किये जाएंगे। बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री व क्षेत्रीय सांसद दुर्गादास उइके ने कहा कि आज हम जिस स्वर्णिम काल में जी रहे है इस समय के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्ययोजना को सामूहिक प्रयासों से शिखर पर पहुंचाना हमारा धर्म है। विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता मोदी जी के नेतृत्व में ऐसे कार्य हुए जो ना पहले कभी हुए थे न ही आगे हो सकते है। इन कार्यों को हर घर तक पहुचाना हर भाजपा कार्यकर्ता का संकल्प होना चाहिए। बैठक के दौरान धन्यवाद भाषण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व दुनिया में नए भारत की परिभाषा गढी है मोदी जी के सेवा कार्यो को लेकर हमारी पूरी टोली पूरी तैयारी के साथ हर बूथ स्तर तक हर घर तक पहुंचेगीं। इस महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक में प्रदेश नेतृत्व का जो मार्ग दर्शन मिला है वह निश्चित रूप से सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करेगा और कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से सफल होगें। बैठक का संचालन सेवा संकल्प अभियान के जिला संयोजक कमलेश सिंह ने किया। इस दौरान विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे, महेन्द्रसिंह चौहान, गंगा उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार सहित सेवा संकल्प अभियान जिला टोली एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।

विराम शुल्क के लिए नहीं मिल रहे ठेकेदार

चार साल से नहीं हुआ ठेका, नपा को उठाना पड़ रहा राजस्व का नुकसान



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नगरपालिका को बस स्टैंड पर वाहनों के विराम शुल्क और पार्किंग जैसी सेवाओं की वसूली के लिए ठेकेदार नहीं मिल रहे है। ठेके की राशि कम करने के बाद भी ठेकेदार दिलचस्पी नहीं दिखा रहे है। इससे नपा को सालाना लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। दरअसल शहर के कोठीबाजार बस स्टैंड पर रुकने वाली बसों से विराम शुल्क और मोटर साइकिल स्टैंड पर वाहनों से पार्किंग शुल्क वसूल करती थी, इसका बकायदा ठेका होता था, लेकिन पिछले चार साल से बस स्टैंड पर वाहन विराम शुल्क एवं पार्किंग जैसी सेवाएं फ्री में संचालित हो रही हैं। नगरपालिका भी कर्मचारी लगाकर वाहन विराम शुल्क की वसूली नहीं करवा पा रही है। इससे नगरपालिका को सालाना 15 लाख रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है, क्योंकि चार बार ई-टेंडर करने के बाद भी कोई सामने नहीं आया है। बता दे कि बसों से विराम शुल्क के लिए प्रति बस 24 घंटे के हिसाब से शुल्क निर्धारित किया था। वहीं दोपहिया वाहन पार्किंग का टेंडर नहीं होने से वाहन निःशुल्क में पार्क किए जा रहे हैं। जिस कारण नगर पालिका को राजस्व का नुकसान हो रहा है।

ऑफसेट प्राइज कम करने के बाद भी ठेकेदारों की रूचि नहीं

नगरपालिका ने बस स्टैंड पर विराम शुल्क वसूली के लिए ई-निविदा आमंत्रित की थी। लेकिन इसमें किसी प्रतिभागी ने हिस्सा नहीं लिया। बताया जा रहा है कि नगरपालिका ने वर्ष 2021 को उच्चतम ऑफर दर 21 लाख 50 लाख के साथ ई-निविदा आमंत्रित की गई थी। वर्ष 2023-24 में उच्चतम ऑफर दर 22 लाख रुपए था। नगरपालिका द्वारा निरंतर निविदा आमंत्रित किए जाने के बाद भी प्रतिभागियों ने हिस्सा नहीं लिया। इसके बाद राजस्व के सालाना नुकसान को देखते हुए नगरपालिका ने टेंडर में उच्चतम ऑफर दर (ऑफसेट प्राइज) को घटाया था, लेकिन इस स्थिति में भी ठेकेदार आगे नहीं आये। जिससे विराम शुल्क और पार्किंग वसूली का ठेका नहीं हो पाया।

अतिक्रमण की चपेट में बस स्टैंड का अधिकांश एरिया

बस स्टैंड का अधिकांश एरिया अतिक्रमण की चपेट में है। यहां बस स्टैंड के अंदर और प्रवेश द्वार पर लोगों ने अपनी दुकान लगा रखी है। जिसकी वजह से आने-जाने वाले यात्रियों को दिक्कत होती है। कुछ लोगों ने दुकानें बढ़ाकर अतिक्रमण कर लिया हैं, लेकिन नपा द्वारा अभी तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की गई। जिसके कारण यहां दुकानदारों के हौसले बुलंद है। बस स्टैंड के अंदर आंच कक्ष पर भी अतिक्रमण है। यहां पर्याप्त बेंच नहीं होने की वजह से कई यात्री खड़े रहकर ही बसों का इंतजार करते है। जिससे महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

फ्री संचालित हो रही विराम और पार्किंग सेवाएं

नगरपालिका को ठेकेदार नहीं मिलने से बस स्टैंड पर विराम शुल्क और पार्किंग जैसी सेवाएं फ्री में संचालित हो रही है। इधर बस स्टैंड से आय नहीं होने के कारण नगरपालिका भी बस स्टैंड के रखरखाव और अन्य सुविधाओं पर ज्यादा ध्यान नहीं दे रही है। बस स्टैंड की रंगत भी फीकी पड़ गई है। बस स्टैंड परिसर में मूलभूत सुविधाएं भी यात्रियों को नाममात्र की मिल रही है और खामियाजा आम जनता को चुकाना पड़ रहा है। जानकार बताते है कि इस स्थिति के लिए नगरपालिका स्वयं जिम्मेदार है। नपा द्वारा पूर्व में उच्चतम ऑफर दर में हर साल दस से पंद्रह फीसदी की बढ़ोतरी करने के कारण यह स्थिति बनी हुई है। अब ठेकेदार दिलचस्पी नहीं ले रहे।

बस स्टैंड से दो सैकड़ा से अधिक बसों का संचालन

बैतूल बस स्टैंड पर प्रतिदिन दो सैकड़ा से अधिक बसों का आवागमन होता है। बसों से नगरपालिका प्रति 24 घंटे के हिसाब से विराम शुल्क वसूली का ठेका देती थी। बस स्टैंड आने वाले वाहनों से भी पार्किंग शुल्क लिया जाता था। बस स्टैंड से ही नगरपालिका को अच्छा खासा राजस्व मिल जाता था, लेकिन पिछले चार साल से विराम शुल्क वसूली और पार्किंग का ठेका नहीं होने से नपा को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। जानकार कहते है कि वर्तमान में बस स्टैंड की हालत खस्ताहाल हो गई है। रंग रोगन भी खराब हो चुका है। लेकिन नपा ध्यान नहीं दे रही है, जबकि बस स्टैंड शहर की पहचान होती है।

प्रस्ताव रखा जाएगा

वाहन विश्राम शुल्क के चार बार टेंडर कॉल किए थे, लेकिन ऑफसेट प्राइज ज्यादा होने से कोई आगे नहीं आया। अब परिषद् की बैठक में ऑफसेट प्राइज में बदलाव को लेकर प्रस्ताव रखा जाएगा। पर्याप्त कर्मचारी नहीं होने से नपा अपने स्तर पर वसूली नहीं कर पा रही है।

ब्रजगोपाल परते, वरिष्ठ राजस्व अधिकारी, नगर पालिका बैतूल

बैतूल पुलिस को मिली हाईटेक फॉरेंसिक वैन

हत्या-लूट के सबूत अब मौके पर ही जुटेंगे, एसपी ने दिखाई हरी झंडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल में पुलिस को अब गंभीर अपराधों की जांच में मौके पर ही वैज्ञानिक सबूत जुटाने में मदद मिलेगी। पुलिस को अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन मिली। एसपी वीरेंद्र जैन ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर वैन को रवाना किया। मोबाइल फॉरेंसिक वैन का इस्तेमाल हत्या, लूट, चोरी, नकबजनी और दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराधों की जांच में किया जाएगा। अज्ञात शव मिलने की घटनाओं में भी टीम मौके पर पहुंचकर जरूरी साक्ष्य जुटा सकेगी। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम फिंगरप्रिंट, डीएनए सैंपल और अन्य जरूरी सबूत सुरक्षित तरीके से एकत्र कर सकेगी। इससे मौके से मिले साक्ष्यों को सुरक्षित रखने और जांच में उनका इस्तेमाल करने में मदद मिलेगी। वैन में डीएसएलआर कैमरा, लैपटॉप, प्रिंटर, फिंगरप्रिंट किट, डीएनए सैंपल किट और नारकोटिक्स डिटेक्शन किट सहित जरूरी उपकरण मौजूद हैं। इनकी मदद से घटनास्थल की फोटो और वीडियो रिकॉर्डिंग करने के साथ साक्ष्यों को सुरक्षित रखा जा सकेगा। एसपी वीरेंद्र जैन ने बताया कि मोबाइल फॉरेंसिक वैन मिलने से गंभीर अपराधों की जांच में वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने का काम पहले से ज्यादा तेज और व्यवस्थित हो सकेगा।

नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 9 में कचरे का अंबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 9 अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड के हालत बहुत हीं खराब है। नालियों में कचरे का ढेर, रोड की सफाई न होने से नागरिक परेशान हो रहे हैं। बारिश के मौसम में नालियों में पानी जमा होने से मच्छर का प्रकोप बढ़ रहा है। जिससे बीमारी हो रही हैं एवं कचरा जगह-जगह होने से पूरे मोहल्ले में गंदगी का माहौल है। वार्डवासी पूर्णिमा वंशकार, नैना बंशकार एवं मुकेश भनारे के द्वारा बताया गया कि नगर परिषद



शाहपुर के कर्मचारी वार्ड में ना तो झाड़ू लगाने आते हैं, न ही कचरा उठाकर ले जाते हैं। नालियों की साफ सफाई नहीं जा रही है। वार्ड पार्षद को भी उनके द्वारा सूचित किया गया।

मन का मैल मिटे, तभी सार्थक होगा पर्यूषणः गुरुवर्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जैन धर्म के पावन पर्यूषण पर्व के अवसर पर कोठी बाजार स्थित स्थानक भवन में धर्म, तपस्या और भक्ति का वातावरण बना हुआ है। आचार्य हीरामुनि जी की सुशिष्या गुरुवर्या सौभाग्यवती श्री जी महाराज साहब ने प्रवचन में पर्यूषण पर्व के महत्व को समझाते हुए कहा कि जैन धर्म अहिंसा पर आधारित है। सभी प्राणियों की रक्षा और आपसी क्षमा की भावना ही इस पर्व का मूल संदेश है। गुरुवर्या म0सा0 ने कहा कि क्षमा वीरस्य भूषणम्-अर्थात क्षमा वीरों का आभूषण है। जब तक हृदय में क्षमा, प्रेम और मैत्री की भावना नहीं होगी, तब तक पर्यूषण पर्व मनाने की सार्थकता पूरी नहीं होगी। उन्होंने श्रावक-श्राविकाओं से आपसी बैरभाव और मनमुटाव भूलकर एक-दूसरे को हृदय से क्षमा करने का आह्वान किया। साथ ही सभी जीवों की रक्षा करने और अपनी क्षमता के अनुसार अधिक से अधिक तप-जप करने की प्रेरणा दी, ताकि बुरे कर्मों का क्षय हो और पर्व की आध्यात्मिक भावना सार्थक हो सके। चातुर्मास के दौरान सौभाग्यवती जी म0सा0 आदि ठाणा 5 अपनी सुशिष्याओं के साथ धर्म प्रभावना में जुटी हैं। स्थानक भवन में श्रावक-श्राविकाओं और बच्चों द्वारा एकासन, उपवास, बेला एवं तेला के प्रत्याख्यान लिए जा रहे हैं।



इसके साथ ही जाप, तपस्या और विभिन्न धार्मिक प्रतियोगिताओं के आयोजन से श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है। पर्यूषण पर्व का समापन 15 सितम्बर, मंगलवार को म0सा0 के विशेष व्याख्यान और सायंकालीन प्रतिक्रमण के साथ होगा। श्री संघ के अध्यक्ष अरुण गोठी ने सभी श्रावक-श्राविकाओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की भाव भरी विनंती की है। आयोजनों और धर्म प्रभावना की जानकारी संघ के श्रावक सतीश पारख ने दी।

इंजीनियर्स डे पर खेल के रंग में रंगा बैतूल

मैदान में उतरे इंजीनियर, क्रिकेट और फुटबॉल में भिड़ीं टीमें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

इंजीनियर्स डे 2026 के अवसर पर विभिन्न सरकारी विभागों के इंजीनियरों ने तकनीकी जिम्मेदारियों से इतर खेल मैदान पर एकजुटता, टीमवर्क और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। इंजीनियर्स डे को यादगार बनाने के लिए अधिकारियों और इंजीनियरों के बीच अंतर-विभागीय इंजीनियर्स डे क्रिकेट कप और अंतर-विभागीय फुटबॉल कप का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की टीमों ने हिस्सा लिया। दिनभर चले मुकाबलों में सभी विभागों के खिलाड़ियों के बीच कड़ा और रोमांचक संघर्ष देखने को मिला। क्रिकेट पिच पर शानदार चौकों-छक्कों ने रोमांच बढ़ाया तो फुटबॉल मैदान पर खिलाड़ियों के बेहतरीन गोल ने दर्शकों का उत्साह बनाए रखा। खेल मैदान पर इंजीनियरों ने अपने प्रदर्शन से यह संदेश भी दिया कि देश के बुनियादी ढांचे के निर्माण और तकनीकी जिम्मेदारियों के साथ-साथ खेल के मैदान में भी वे पूरे उत्साह और टीम भावना के साथ आगे बढ़ सकते हैं। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों में आपसी समन्वय और भाईचारे का माहौल नजर आया। इस खेल महोत्सव का मुख्य उद्देश्य विभिन्न सरकारी विभागों के बीच समन्वय, टीम वर्क, तनावमुक्त वातावरण और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना रहा। खेलों के माध्यम से अधिकारियों और इंजीनियरों को अपनी नियमित कार्यशैली से अलग एक-दूसरे के साथ जुड़ने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का अवसर मिला।

शाहपुर पुलिस की सट्टे के अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई, आरोपी रंगे हाथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर।

पुलिस द्वारा अवैध जुआ-सट्टा गतिविधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शाहपुर पुलिस ने सट्टा लिखते हुए एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पुलिस को सूचना प्राप्त होने पर बस स्टैंड



शाहपुर स्थित एसबीआई बैंक के पास अस्पताल के सामने एक स्टेशनरी दुकान पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान बसंत गुप्ता पिता मुरलीधर गुप्ता, उम्र 56 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 14 पतौवापुरा, शाहपुर को सट्टा पर्ची लिखते हुए पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 2,050 रुपये नगद, दो सट्टा पर्चियां, एक लीड पेन एवं मोबाइल फोन जब्त किया गया। मोबाइल की जांच में विभिन्न व्हाट्सएप नंबरों के माध्यम से सट्टे के लेन-देन संबंधी जानकारी एवं 9,395 रुपये के लेखे-जोखे की जानकारी प्राप्त हुई। आरोपी बसंत गुप्ता पिता मुरलीधर गुप्ता, उम्र 56 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 14 पतौवापुरा, शाहपुर के विरुद्ध धारा 4(क) सट्टा एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक ओ.पी. गढ़वाल, एवं एसडीओपी कार्यालय स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

आमला पुलिस की जुआ के विरुद्ध कार्रवाई

सोनतलाई व खरपड़ाखेड़ी में जुआ खेलते 7 आरोपी पकड़े, 8,070 नगद और ताश के पत्ते जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/आमला

पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन द्वारा जिले में जुआ, सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैतूल कमलेश खरपूसे एवं एसडीओपी मुलताई एस.के. सिंह के मार्गदर्शन में थाना आमला पुलिस द्वारा गत 12 सितंबर की रात्रि में जुआ खेलने वालों के विरुद्ध दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की गई।

ग्राम सोनतलाई में हुई कार्रवाई

ग्राम सोनतलाई पंचायत के चबूतरे पर जुआ खेलने की सूचना पर आमला पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गई। मौके पर महेन्द्र सिंह, पवन सिंह, शिवशंकर तायवाडे एवं ज्ञानराव को जुआ खेलते पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से ताश के 52 पत्ते एवं 4,250 नकद जब्त किए गए। आरोपियों के विरुद्ध *अपराध क्रमांक 367/2026, धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

ग्राम खरपड़ाखेड़ी में हुई कार्रवाई

ग्राम खरपड़ाखेड़ी चौपाल पर जुआ खेले जाने की सूचना पर आमला पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई। मौके से मुनिश्वर सिंह, नवल सिंह एवं पप्पू बरकड़े को जुआ खेलते पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से ताश के 52 पत्ते एवं 3,820 नगद जब्त किए गए। आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 368/2026, धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त दोनों कार्रवाइयों में कुल 07 आरोपियों को पकड़ा गया तथा 8,070 रुपए नगद एवं ताश के पत्ते जब्त किए गए।

दिव्यांगों के स्वावलंबन और सशक्तिकरण को लेकर भारत-भारती में 16 जिलों के पदाधिकारियों का प्रांतीय अधिवेशन आयोजित

दिव्यांगों को दफ्तरों के चक्कर से मिलेगी मुक्ति, बैतूल से शुरू होगी एकल खिड़की प्रणाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने बैतूल से ही दिव्यांगजनों के लिए एकल खिडक़ी प्रणाली शुरू करने की घोषणा की है। इस प्रणाली से दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं, प्रमाण-पत्र, पेंशन, शिक्षा और रोजगार के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने की परेशानी से जल्द राहत मिल सकती है। गौरतलब है कि दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने से लेकर उनके सम्मान, स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता तक की राह आसान बनाने में सक्षम संस्था के जिला अध्यक्ष सुनील हिरानी ने बैतूल में समन्वय की एक नई मिसाल खड़ी की है। शासन-प्रशासन के साथ निरंतर समन्वय

भारत भारती में हुआ दो दिवसीय अधिवेशन



के साथ 50 से अधिक सामाजिक, व्यावसायिक, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक स्तर के सहयोग को एक मंच से जोडक़र श्री हिरानी ने दिव्यांगजनों को सक्षम की छत्रछाया उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। बैतूल से शुरू हुआ यह मॉडल आने वाले समय में पूरे देश में दिव्यांग हितों के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है।

भारत भारती परिसर में सक्षम संस्था के मध्य भारत प्रांत के 16 जिलों के पदाधिकारियों के दो दिवसीय अधिवेशन में उन्होंने कहा कि दिव्यांग समाज को सहानुभूति नहीं, अवसर, मदद और सम्मान की जरूरत है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर और भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के कप्तान गुरदास रावत विशेष रूप से शामिल हुए। अधिवेशन में मध्य भारत प्रांत के 16 जिलों से आए पदाधिकारियों ने दिव्यांगजनों की योजनाओं, अधिकारों और सरकारी सहायता से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि दिव्यांगजनों को अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें, इसके लिए एकल खिडक़ी प्रणाली विकसित की जाएगी। इसकी शुरुआत शीघ्र ही बैतूल से की जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे दिव्यांगजनों का समय और श्रम दोनों बचेंगे।

सरकार के साथ मिलकर आगे कार्य करेगी सक्षम संस्था

जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कहा कि सक्षम संस्था देशभर में दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। दो दिवसीय अधिवेशन में 16 जिलों के प्रतिनिधि दिव्यांगजनों से जुड़ी योजनाओं, अधिकारों और सरकारी सहायता पर मंथन कर रहे हैं। अधिवेशन से निकलने वाली रणनीति के आधार पर सक्षम संस्था सरकार के साथ मिलकर आगे कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन भले ही शारीरिक रूप से किसी चुनौती से जूझ रहे हों, लेकिन वे अन्य सभी क्षेत्रों में पूरी तरह सक्षम हैं। इसलिए पूरे समाज को उनके सम्मान, स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वावलंबन की चिंता करनी चाहिए।

भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम कप्तान ने बताई सफलता की कहानी

भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के कप्तान गुरदास रावत ने अपने संघर्ष और सफलता की कहानी साझा करते हुए कहा कि बचपन में लोग उनकी दिव्यांगता का मजाक उड़ाते थे, लेकिन उन्होंने अपनी दिव्यांगता को ही अपनी ताकत बना लिया। उनके नेतृत्व में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को वनडे में 3-0 और टी-20 में 10-0 से क्लीन स्वीप किया है। उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े नरेंद्र मोदी स्टेडियम और क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले इंग्लैंड के लॉर्ड्स मैदान में खेलने की उपलब्धि भी साझा की। रावत ने सक्षम संस्था और बैतूल के अध्यक्ष सुनील हिरानी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे उपक्रम दिव्यांग बच्चों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करते हैं। सक्षम संस्था के जिला अध्यक्ष सुनील हिरानी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में भोपाल के आयुक्त अजय खेमरिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे सहित सक्षम संस्था के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव ने स्कूलों का निरीक्षण किया

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव संजय गोयल ने इछावर विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल सेमली जदीद एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सेमली जदीद तथा सीहोर विकासखंड के शासकीय माध्यमिक शाला जहांगीरपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्थाओं, विद्यार्थियों की उपस्थिति, उपलब्ध सुविधाओं तथा विद्यालय संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई एवं विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। श्री गोयल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही विद्यालयों में स्वच्छता, अनुशासन एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत अधिकारियों द्वारा मैदानी क्षेत्रों में पहुंचकर शैक्षणिक संस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए जा सकें।


सोहागपुर रेलवे स्टेशन की बदहाल व्यवस्थाओं ने ली यात्री की जान

सोहागपुर स्टेशन पर ट्रेन के पैरदान में फंसा यात्री, आधे घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन

गत रात्रि सोहागपुर रेलवे स्टेशन पर एक दर्दनाक घटना हुई जब एक यात्री ट्रेन में चढ़ने के दौरान पैरदान में फंस गए। बताया गया कि स्टेशन पर रोशनी नहीं होने की वजह से हादसा हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





रेलवे स्टेशन सोहागपुर की बदहाल व्यवस्थाओं का गंभीर मामला सामने आया है। ब्लॉक के ग्राम गुंदरई निवासी कमल अहिरवार शनिवार रात ट्रेन में चढ़ने के दौरान पैरदान में फंस गए। अहिरवार को निकालने में आधा घंटा लगा। लेकिन इलाज के दौरान उनका देहांत हो गया है।

सोहागपुर नागरिक संघर्ष समिति संयोजक शिवकुमार पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि अहिरवार करीब 25 से 30 मिनट तक ट्रेन के पैरदान में फंसे थे। उन्हें निकालने के लिए पैरदान ग्राइंडर मशीन से काटना पड़ा। अहिरवार को बाहर निकालकर शासकीय अस्पताल सोहागपुर ले जाया गया, जहां से उन्हें नर्मदापुरम् रेफर किया गया। शिवकुमार पटेल ने बताया कि रविवार सुबह कमल अहिरवार के देहांत की सूचना मिली है।

नागरिकों ने घटना पर नाराजगी व्यक्त की है। इधर पटेल का कहना है कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं है। शिवकुमार पटेल ने स्टेशन मास्टर को प्लेटफार्म नंबर एक की रात के अंधेरे की समस्या से अवगत कराया था। लेकिन सुधार नहीं किया गया।

रेलवे प्रशासन दे जवाब

नागरिक संघर्ष समिति, अन्य सामाजिक संगठनों एवं आमजनों ने मांग की है कि घटना की तत्काल जांच कराई जाए, प्लेटफार्म नंबर एक पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जाए तथा स्टेशन की अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण कराया जाए। क्षेत्र की जनता रेलवे से सुरक्षित एवं जिम्मेदार व्यवस्था की मांग रही है। यदि रेलवे प्रशासन ने समय रहते व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया तो नागरिक संघर्ष समिति इस मुद्दे को लेकर जोरदार जनआंदोलन करेगी।

कर्मचारियों को स्वामित्व योजना का दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आयुक्त भू संस्थान प्रबंधक के माध्यम से स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन 2028योजना प्रारंभ की जा रही है।इस योजना का उद्देश्य स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्रों के लिए लागू जा रही है।

निजी स्वत के अधिकार अभिलेखों का निःशुल्क निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना है। योजना का किरियानवयन हेतु नियमानुसार प्रशिक्षण शिविर आयोजित शहीद भगत सिंह कालेज में दिया गया। जिसमें सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी वर्ग के अलावा ग्राम पंचायत के सभी सचिव तहसीलदार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अनुविभागीय अधिकारी सभी उपस्थित रहे।

विधायक विजयपाल सिंह ने स्वीकृत कराई मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान की तीन लाख पांच हजार रुपए की राशि

सोहागपुर। विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह ने मुख्यमंत्री से मिलकर मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से अनेकों हितग्राहियों को उपचार हेतु राशि स्वीकृत कराई है। जिसमें क्रमशः रामकुमार यादव पुत्र पुरूषोत्तम यादव भानपुर विकासखंड माखननगर को 50 हजार रुपये, विरेन्द्र तिलोटिया पुत्र केशवप्रसाद तिलोटिया नर्मदापुरम को 20 हजार रुपये, छोटेलाल रघुवंशी पुत्र किशोर सिंह रघुवंशी ग्राम कलमेषरा विकासखंड सोहागपुर को 35 हजार रुपये, विनय कुमार साहू पुत्र मदनलाल साहू मेन रोड सेमरी हरचंद को 50 हजार रुपये, गौरव तिवारी पुत्र रामशरण तिवारी ग्राम रामपुर तहसील इटारसी को एक लाख 50 हजार रुपये स्वीकृत कराए हैं।

लायंस क्लब ने खेल दिवस पर किया शिक्षक शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं को सम्मानित

13 सितंबर खेल दिवस के अवसर पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



लायंस क्लब के द्वारा 13 सितंबर खेल दिवस पर खिलाड़ी वर्ग को एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम आयोजित किया गया चेयरपर्सन लायन उर्वशी शाह ने बताया कि पिपरिया की गौरवशाली फुटबॉल टीम जो कि बच्चियों की अंडर 16मे प्रदेश टीम के रूप में सुब्रतो कप दिल्ली से जीतकर आई है।उनका सम्मान किया गया। साथ ही खेल समन्वयक प्रीतमसिंह ठाकुर सहित अन्य सभी खेल शिक्षक शिक्षिकाओं तथा वरिष्ठ शिक्षक का सम्मान किया गया।

पहली बार शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सांदीपनि विद्यालय आर एन ए उत्क्रष्ट विद्यालय के प्राचार्य संजीव दुबे सहित अन्य सभी लगभग 14शिक्षक को सम्मानित किया गया। तथा 4 सेवा निवृत्त शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। खेल अधिकारी सेवा निवृत्त वी एस चौहान की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया। लायंस क्लब सिटी अध्यक्ष मनोज नागोत्रा नर्मदा अध्यक्ष लियो अध्यक्ष के द्वारा पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। मंचासीन रहे लायन अरविंद अग्रवाल बरेली लायन मनीष शाह, संजीव मालवीय दिनेश पटेल सहित अन्य सभी लायंस क्लब के सदस्यों की उपस्थिति रही। सभी सम्मानित किए गए शिक्षकों को शाल श्रीफल एवं प्रमाण पत्र के साथ स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। खिलाड़ी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।मंच संचालन लायन अशोक तोषनीवाल एवं भूपेंद्र सिंह पटेल के द्वारा किया गया।

वन संरक्षण पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता रैली निकाली



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व पचमढ़ी के वन रक्षक प्रशिक्षण विद्यालय, पचमढ़ी के अधिकारी, प्रशिक्षु,वन रक्षक एवं स्टाफ के साथ साथ एस.टी.आर के स्टाफ के द्वारा नगर में पेड़ लगाओ वन बचाव के नारे लगाते हुए रैली निकाली गई, जिसमें पचमढ़ी और आस पास के वन परिक्षेत्र को पॉलीथिन मुक्त बनाने का आह्वान किया गया। रैली में प्लास्टिक, पॉलीथिन मुक्त रखने हेतु नारों , बैनरों के द्वारा जागरूकता संदेश दिया गया। वन संरक्षण अभियान और रैली में लगभग 50 की संख्या में अधिकारी, वन रक्षक एवं स्टाफ शामिल रहे। वन रक्षक प्रशिक्षण विद्यालय के अनुदेशक अरुण कुमार रायकुवर ने सभी पर्यटकों, गाइडों एवं पचमढ़ी के नागरिकों से अपील किया कि, आप सभी वनों को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए सहयोग करें।

पुलिस ने किया किसानों से धोखाधड़ी से धान खरीदी करने के फरार आरोपी को गिरफ्तार

धान खरीदी के 30 लाख रुपए दिए बिना घर से भाग गया था आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



पुलिस ने किसानों से धोखाधड़ी पूर्वक धान खरीदी करने वाले आरोपी को पकड़ा है। मामले में सोहागपुर थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने प्रेसनोट जारी किया है।

प्रेसनोट के अनुसार 23 मई 2026 को फरियादी नरेश लोधी व अन्य किसान सभी निवासी ग्राम माछा से आरोपी ओमप्रकाश सोनी निवासी बरेली ने धान खरीदी। लेकिन सोनी धान खरीदी के 30 लाख रुपये दिए बिना घर से भाग गया। रिपोर्ट करने पर थाना सोहागपुर में अपराध क्रमांक 332/2026 धारा 318(4) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

एसपी नर्मदापुरम साईकृष्णा एस थोटा, एएसपी अभिषेक राजन व सोहागपुर एसडीओपी अरविंद शाह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में टीआई गिरीश त्रिपाठी के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। तकनीकी एवं अन्य संकलित साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने फरार आरोपी को जिला विदिशा से गिरफ्तार कर पूछताछ की। आरोपी ने कर्जा चुकाने हेतु किसानों के साथ धोखाधड़ी करना स्वीकार किया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोबाइल, बैंक पासबुक, चैकबुक, हिसाब की डायरियां जप्त की गई। सफल टीम में टीआई गिरीश त्रिपाठी, एसआई राहुल पटेल तथा विवेक यादव, एएसआई गणेश राय, प्रधान आरक्षक भूपेश मिश्रा, आरक्षक सुनील ओझा, राहुल पदाम, अफसर खान, सायबर सेल आरक्षक प्रशांत राजपूत व दीपेश सोलंकी की सराहनीय भूमिका रही।

मैहर में नर्मदा आह्वान समिति ने किया काव्य महोत्सव

आयोजन में सम्मिलित हुए नर्मदापुरम संभाग के कवि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





नर्मदा आह्वान सेवा समिति नर्मदापुरम ने हिन्दी दिवस पर अखिल भारतीय काव्य महोत्सव एवं सम्मान समारोह रविवार को मैहर में किया गया। जिसमें 50 से अधिक साहित्यकारों, अतिथियों व आयोजकों ने सहभागिता की।

समिति के किशोर करैया एवं हंस राय ने बताया कि मां शारदा के धाम मैहर में देश के ख्यात कवियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के सानिध्य में अखिल भारतीय कवि समागम एवं सम्मान समारोह दयाल श्री गार्डन में किया गया। महोत्सव में देश के विभिन्न प्रांतों से आए कवियों को समिति ने साहित्य गौरव सम्मान दिया। आयोजन में संभाग नर्मदापुरम के कवि भी सम्मिलित हुए। आयोजन में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, कलेक्टर डॉ. विदिशा मुखर्जी, संयोजिका मधु जैन, डॉ. अशोक अवधिया, कार्यक्रम अध्यक्ष मनोहर मनोज, भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष सत्यभान सिंह, ठाकुर प्रसाद कुशवाहा, शंकर बटोही, विजय बागरी, मनीष तिवारी, पंकज अंगार, केशव प्रसाद कुशवाहा, संतोष सागर, आजाद वतन वर्मा, सुनील कहरी उपस्थित थे। आयोजन में मनमोहन व्यास खातेगांव, अमित बिल्लौरे सोहागपुर, सावन सेजकर नर्मदापुरम, अश्विनी कुमार चित्रकूट ने सहयोग किया।

नर्मदा आह्वान सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष हिंदी दिवस पर मध्य प्रदेश के उत्कृष्ट कवियों का सम्मान किया जाता है। इस वर्ष दो कवियों का सम्मान किया गया। प्रथम सम्मान पं. ओंकार तिवारी स्मृति अलंकरण सुधीर पांडे जबलपुर को दिया गया। वहीं डॉ. राजा करैया स्मृति अलंकरण सम्मान मेकलसुता पात्र भंडार नर्मदापुरम द्वारा अनिल मिश्रा उमरिया को दिया गया है। उद्घाटन सत्र का संचालन कवि अमित बिल्लौरे सोहागपुर ने किया। वहीं साहित्यिक सत्रों का संचालन संतोष सागर, पंकज अंगार, ठाकुर प्रसाद कुशवाहा एवं प्रगति पटेल ने किया।

नेशनल लोक अदालत में परिवारों को उजड़ने से बचाया

करो के रूप में करोड़ों की हुई राजस्व की वसूली, लंबित प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश अनुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदा पुरम के मार्गदर्शन में दिनांक 12 सितंबर 2026को न्यायालय परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजेश कुमार अग्रवाल प्रथम जिला न्यायाधीश द्वारा मां सरस्वती पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। लोक अदालत में एम पी ई बी के प्री लिटिगेशन के48 प्रकरण का निराकरण किया गया। जिसमें 4,83,959राशि प्राप्त हुई। तथा एमपीईबी के साथ पंजीकृत लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिसमें 1,77,860 राशि की बसूली हुईं। मोटर दुर्घटना के 1 प्रकरण में आपसी राजीनामा के आधार पर हुआ। जिसमें भी कुल अवार्ड राशि 25,5000 रुपए रही।5 खंडपीठ में कुल 334 प्रकरण का निराकरण किया गया। जिनमें समझौता राशि 2,16,34,582रूपे रही।

लोक आदालत में कुछ परिवारों को टूटने से भी बचाया गया। वर्षों से अलग रह रहे पति पत्नी को समझाइश देकर फिर से साथ रहने को राजी किया गया। नगरपालिका परिषद के 10प्रीलिटिगेशन के प्रकरणों का निराकरण किया गया। नगरपालिका की कुल बसूली 20,53,839 प्राप्त हुई। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित रहे राजेश कुमार अग्रवाल प्रथम जिला न्यायाधीश अर्चना रघुवंशी द्वितीय जिला न्यायाधीश अखिलेश चांडक सिविल जज सीनियर डिवीजन निशा रघुवंशी सिविल जज जूनियर डिवीजन दिशा चांडक सिविल जज जूनियर डिवीजन धर्मेन्द्र नागवंशी वेद प्रकाश भार्गव राजेश रजक शशिकांत अहिरवार ब्रजेन्द्र विलथरिया भारत नागवंशी संतोष राजपूत भूपेंद्र साहू सहित अन्य सभी अधिकारियों कर्मचारियों एवं हितग्राहियों की उपस्थिति में इस तरह से नेशनल लोक अदालत कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

सुपोषण सप्ताह में बच्चों को दिया स्वस्थ जीवन का संदेश



भैरुंदा। सिद्धपुर सेवा भारती समिति सीहोर के नगर भैरूंदा में सुपोषण सप्ताह के तहत देवी अहिल्याबाई संस्कार केंद्र, महाकाल बस्ती और रानी दुर्गावती संस्कार केंद्र, माधव बस्ती में जागरूकता कार्यक्रम एवं संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें बच्चों को पौष्टिक आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी दी गई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से हेमवती धुर्वे ने बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता का महत्व बताते हुए हाथ धोने की सही विधि समझाई। उन्होंने भोजन से पहले और बाद में हाथ धोने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पूजा प्रजापति ने खेल एवं गतिविधियों के माध्यम से संतुलित और पौष्टिक भोजन की जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न फलों और पौष्टिक खाद्य पदार्थों के महत्व को समझाते हुए नियमित पौष्टिक आहार लेने का संदेश दिया। नगर अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने, संस्कारों के साथ आगे बढ़ने और आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। नगर उपाध्यक्ष राधिका जैमिनी ने कहा कि संस्कार केंद्रों के माध्यम से बच्चों में शिक्षा के साथ स्वास्थ्य, स्वच्छता और अच्छे संस्कार विकसित करना सेवा भारती का महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम में जिला सेवा प्रमुख पारस वर्मा, नगर अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा, नगर उपाध्यक्ष राधिका जैमिनी, डॉ पूजा प्रजापति, हेमवती धुर्वे, पायल खरे, बबली शर्मा सहित बच्चों के पालक उपस्थित रहे। बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पौष्टिक आहार अपनाएं।

आरोप-टूटे पुल की घटिया मरम्मत की जा रही थी, फिर गिर गया पुल

नाले पर बने पुल के टूटने से नागरिक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नाले पर बना पुल टूटने से क्षेत्र के 6 हजार नागरिक हैरान परेशान है। यह पुल दीवानबाग और जमशेद नगर को जोड़ता है। पुल नगर पालिका अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 31 कस्बा क्षेत्र में आता है। क्षेत्र के कांग्रेस नेता नायाब सर ने इस जनहितेशी मुद्दे को उठाया है।

नागरिकों का कहना है कि यह पुल एक बार नहीं दो बार टूट गया है। टूटे पुल की मरम्मत करने के लिए नगर पालिका के कर्मचारी पहुंचे थे लेकिन घटिया स्तर की सामग्री से निर्माण के कारण पुल फिर गिर गया है। कांग्रेस नेता नायाब सर ने बताया कि स्थानीय जनप्रतिनिधि जनता की समस्या के निराकरण के प्रति लापरवाही पूर्ण रवैया अपनाए हुए हैं जिसका खामियाजा जमशेद नगर, फिरदौस नगर, दीवान बाग सहित अन्य मोहल्ले के लगभग 6 हजार नागरिक को भुगतना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता नायाब सर ने बताया कि नागरिकों को तहसील चौराहा, भोपाली फाटक, कस्बा सराय, दूल्हा बादशाह कॉलोनी, शकर फैक्ट्री चौराहा सहित जिला अस्पताल गल्ला मंडी बस स्टैंड जाने के लिए एक से डेढ़ किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। मजदूर और व्यापारी कर्मचारी वर्ग को काम धंधे और दुकान पर जाने में देरी हो रही है। जमशेद नगर और दीवान बाग में सरकारी और निजी स्कूल भी संचालित होते हैं कल टूटने के चलते स्कूल आने-जाने में छात्र-छात्राओं को भी दिक्कत हो रही है। जमशेद नगर और फिरदौस नगर को यहां छोटा पुल जोड़ता था आवागमन काफी आसान होता था लेकिन बीते दिनों से यह पुल एक तरफ से टूट गया है काफी जर्जर भी हो गया है जिससे यह पूरा पुल कभी भी नाले के पानी में समा सकता है।

क्षेत्र के साजिद अली, आसिफ पठान मशहूर मियां सलीम खान नईम, कलीम, अनवर, तौफीक, नफीस, वसीम, अहमद, नायाब सर सहित अन्य नागरिकों ने नगर पालिका परिषद से नाले पर नया पुल बनाने और दोनों तरफ सुरक्षा रेलिंग लगाने पुल टूटने से नाले में गिरे मलबे और कूड़े कचरे को उठाने की मांग की है।

खबर संक्षेप



जीजा की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

हरदा। जिले के छीपाबड़ थाना क्षेत्र के धनवाड़ा गांव में हुई एक हत्या के आरोपी को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी बाबूलाल पिता छगनलाल धुर्वे को पकड़ा और कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी बाबूलाल अपने पिता के साथ गाली-गलौज कर रहा था। इस दौरान उसके जीजा गुलाब ऊईक ने उसे ऐसा करने से रोका। इससे गुस्सा होकर बाबूलाल ने अपने जीजा पर लाठी से हमला कर दिया। गुलाब के सिर में गंभीर चोटें आई थीं। इलाज के दौरान जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मृतक गुलाब की पत्नी ने बताया कि वह अपनी सास को डॉक्टर को दिखाने गई थी। जब वह लौटी, तो उसका भाई (बाबूलाल) उसके पति के साथ झगड़ा कर रहा था। गुलाब की मौत शुक्रवार को इलाज के दौरान जिला अस्पताल में हुई थी। छीपाबड़ थाना टीआई संतोष चौहान ने बताया कि आरोपी बाबूलाल को उसके गांव से 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया।

गणेश उत्सव के दौरान परीक्षा रोकने की मांग


हरदा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने गणेश उत्सव के दौरान जिले के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में परीक्षा न कराने की मांग की है। इस संबंध में शनिवार को परिषद ने जिला शिक्षा अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अभाविप ने कहा कि गणेश उत्सव विद्यार्थियों और समाज के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व है। इस दौरान विद्यार्थी अपने परिवार और समाज के साथ पूजा-अर्चना, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य व्यवस्थाओं में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। परिषद ने बताया कि गणेश उत्सव के दौरान कुछ स्कूलों में त्रैमासिक या आंतरिक परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। इससे विद्यार्थियों पर मानसिक दबाव पड़ता है और वे पढ़ाई के साथ-साथ पर्व की गतिविधियों में भी ठीक से शामिल नहीं हो पाते। अभाविप ने जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की कि गणेश उत्सव की अवधि में जिले के किसी भी स्कूली संस्था में परीक्षा आयोजित न की जाए। परिषद ने इस संबंध में जरूरी कार्रवाई करने को कहा है। यह ज्ञापन नगर सहमंत्री विशाल शर्मा ने सौंपा। परिषद ने छात्रहित और सांस्कृतिक आस्था को ध्यान में रखते हुए प्रशासन से सकारात्मक कार्रवाई की उम्मीद जताई है। इस मौके पर प्रांत कार्यकारी सदस्य आशीष राजपूत, मोहित जोशी, अभिषेक राजपूत और अन्य सदस्य मौजूद रहे।

धरने पर बैठे शेख बोले धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं

खरगोन। सफाई कर्मचारियों के हक और उनकी समस्याओं को लेकर नगर पालिका के विपक्षी पार्षद रियाजूद्दीन शेख एचओ कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। उन्होंने गजानंद सिक्योरिटी कंपनी को दिए गए सफाई कर्मचारियों के ठेके और कर्मचारियों को किए जा रहे भुगतान को लेकर सवाल उठाए। रियाजूद्दीन शेख ने आरोप लगाया कि गजानंद सिक्योरिटी कंपनी को सफाई कर्मचारियों का ठेका कलेक्टर रेट पर दिया गया है, लेकिन कर्मचारियों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी शहर की सफाई व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें उनके हक का पूरा भुगतान मिलना चाहिए। पार्षद ने संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कराने, कर्मचारियों को कलेक्टर रेट के अनुसार भुगतान सुनिश्चित करने तथा यदि किसी प्रकार की अनियमितता हुई है तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की। रियाजूद्दीन शेख ने कहा कि कर्मचारियों के हक की आवाज उठाना उनकी जिम्मेदारी है। गरीब और मेहनतकश कर्मचारियों के साथ अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जब तक कर्मचारियों की समस्या का उचित समाधान नहीं होता, वे उनके हक के लिए आवाज उठाते रहेंगे।

सोडलपुर में हर्षोल्लास से मनाया बाबा रामदेव का जन्मोत्सव

हजारों श्रद्धालु हुए शामिल, शोभायात्रा और जम्मा जागरण ने बांधा समां





हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

लोक देवता बाबा रामदेव जी महाराज का जन्मोत्सव रविवार को सोडलपुर में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव को लेकर पूरे गांव में सुबह से ही भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। बाबा रामदेव मंदिर को फूलों और आकर्षक रोशनी से सजाया गया था। सुबह से ही मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। पंडितों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं हवन किया गया। अभिषेक के बाद बाबा रामदेव की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा में घोड़े, बैंड-बाजे और डीजे पर बज रहे बाबा रामदेव के भजनों पर श्रद्धालु झूमते-नाचते नजर आए। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने मार्ग में बाबा रामदेव की पूजा-अर्चना भी की। रामदेव सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की तैयारियां पिछले एक पखवाड़े से की जा रही थीं।

जगह-जगह प्रसादी वितरण

शोभायात्रा बाबा रामदेव मंदिर एवं कान्हा बाबा मंदिर से होते हुए गांव के प्रमुख मार्गों से निकली और वापस मंदिर पहुंची। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। टेकरा मोहल्ला में पोहा-जलेबी, कछवाह मोहल्ला में साबूदाना खिचड़ी तथा मालीपुरा और कारगिल सेंटर पर केले की प्रसादी वितरित की गई। इसके बाद महाआरती और महाप्रसादी में हजारों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्मलाभ लिया। आयोजन में रामदेव सेवा समिति के साथ ग्रामवासियों एवं युवाओं का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में शैलजा संजय शाह भी शामिल हुईं।

दंडवत करते मंदिर पहुंचा श्रद्धालु

बाबा रामदेव के प्रति क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था के चलते आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु पहुंचे। भुन्नास, मनियाखेड़ी, टिमरनी, पानतलाई, दूधकच्छ, भादूगांव, हरदा और मायली सहित विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु पैदल धर्मध्वजा लेकर मंदिर पहुंचे। बांदरखो से एक श्रद्धालु दंडवत करते हुए मंदिर पहुंचा। विभिन्न जत्थे भजन-कीर्तन करते हुए सोडलपुर पहुंचे।

रात्रि में हुआ जम्मा जागरण

शाम को कान्हा बाबा चौक में जम्मा जागरण आयोजित किया गया। आमंत्रित कलाकारों ने बाबा रामदेव के जीवन पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी। देर रात तक श्रद्धालु भजन-कीर्तन में शामिल होकर भक्ति में लीन रहे। आयोजन समिति के लोकेश सांखला ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। आयोजन की सफलता में युवाओं और ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा। अंत में क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की गई।

पत्थर पर शव मिला था

नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या के मामले में दोषी दीपक गौर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर कुल 1 लाख 60 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन के उपनिदेशक हरिशंकर यादव ने बताया कि यह घटना 17 अप्रैल 2023 की है। 17 साल 11 महीने की एक किशोरी मंदिर जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन नहीं लौटी। उसकी मां ने छीपाबड़ थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। दो दिन बाद, 19 अप्रैल को पुलिस को छोटी छीपानेर-चीचोट स्थित नर्मदा पुल के नीचे पत्थर पर किशोरी का शव मिला।

जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर किशोरी के घर से शव मिलने वाली जगह तक का रूट चार्ट तैयार किया गया। फुटेज में किशोरी आरोपी दीपक गौर के साथ मोटरसाइकिल पर जाती दिखी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी के किशोरी के साथ प्रेम संबंध थे। उसने शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म किया था। जब किशोरी ने शादी के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी ने उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाई। आरोपी उसे छीपानेर-चीचोट कुटी के पास ले गया। वहां उसने स्कार्फ से उसका गला घोंटकर हत्या कर दी। घटना को आत्महत्या दिखाने की कोशिश में आरोपी ने किशोरी के पैर की एड़ी पर पत्थर से वार किया, ताकि लगे कि वह पुल से गिरकर मरी है।

पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट पेश की। अभियोजन पक्ष ने 30 गवाहों के बयान दर्ज कराए। सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल सहित वैज्ञानिक सबूत भी कोर्ट में पेश किए गए। कोर्ट ने आरोपी दीपक गौर को दोषी पाया। उसे धारा 302 (हत्या) में आजीवन कारावास और 1 लाख रुपये जुर्माना, धारा 376 (दुष्कर्म) में आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माना, और धारा 201 (साक्ष्य मिटाना) में 3 साल कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई। इस मामले में जिला अभियोजन अधिकारी ए.आर. रोहित के मार्गदर्शन में एडीपीओ विनोद कुमार अहिरवार और तत्कालीन एडीपीओ जतिन दुबे ने पैरवी की।

सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रथम स्थान पाने वाले छात्रों को मिलेगा लाभ

12वीं में स्कूल टॉप करने वाले विद्यार्थियों को मिलेगी ई-स्कूटी बैंक खातों में जमा होगी 90 हजार से 1.20 लाख तक की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सरकारी स्कूल में पढ़कर 12वीं की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। अब स्कूल में सबसे अधिक अंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को पढ़ाई की मेहनत का इनाम ई-स्कूटी या मोटराइज्ड वाहन के रूप में मिलेगा। लोक शिक्षण संचालनालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणाम के आधार पर मुख्यमंत्री ई-स्कूटी/मोटराइज्ड योजना के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों को वाहन खरीदने के लिए अधिकतम 1.20 लाख रुपये तक की राशि दी जाएगी। मोटराइज्ड वाहन लेने पर यह सीमा 90 हजार रुपये होगी। योजना का लाभ प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग और जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत संचालित सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूलों के नियमित विद्यार्थियों को मिलेगा। विद्यार्थी ने अपनी ही शाला में नियमित छात्र के रूप में 12वीं की परीक्षा दी हो और माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा में स्कूल के सभी संकायों को मिलाकर कम से कम 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया हो। बालक और बालिका शाला के लिए पात्रता अलग-अलग निर्धारित की गई है। यानी बालक शाला में प्रथम स्थान पाने वाला छात्र और कन्या शाला में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा पात्र होगी।

पसंद की स्कूटी चुन सकेंगे विद्यार्थी

पात्र विद्यार्थी वाहन विक्रेता के शोरूम पर जाकर अपनी पसंद का वाहन चुन सकेंगे। इसके बाद डीलर से कोटेशन लिया जाएगा। इसमें एक्स-शोरूम कीमत के साथ रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस और अन्य जरूरी एसेसरीज की जानकारी शामिल होगी। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय इस जानकारी के आधार पर प्रक्रिया पूरी करेगा। वाहन की निर्धारित राशि विद्यार्थी के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। यदि विद्यार्थी का बैंक खाता नहीं है तो राशि उसके माता-पिता या अभिभावक के खाते में भेजी जाएगी।

तीन साल तक नहीं बेच सकेंगे वाहन

योजना के तहत खरीदे गए वाहन को विद्यार्थी तीन साल तक किसी अन्य व्यक्ति को बेच या हस्तांतरित नहीं कर सकेगा। इसके लिए पंजीयन के समय वाहन पर तीन साल की हाइपोथिकेशन दर्ज की जाएगी। साथ ही, विद्यार्थी को राशि मिलने के बाद वाहन खरीदना जरूरी होगा। राशि मिलने के बाद वाहन नहीं खरीदने की स्थिति में विद्यार्थी और उसके पालक के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान भी किया गया है।

हिंदी दिवस पर जिला स्तरीय प्रतिभा-प्रोत्साहन प्रतियोगिताओं का आयोजन, विजेताओं का सम्मान

हिंदी भाषा नहीं, विचारों व भावनाओं की सशक्त अभिव्यक्ति का माध्यमः जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

हिंदी केवल भाषा या विषय नहीं, बल्कि विचारों और भावनाओं को सहज एवं प्रभावशाली ढंग से व्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। हिंदी जितनी समृद्ध होगी, हमारे विचार उतने ही प्रभावशाली होंगे। विद्यार्थियों को हिंदी पढ़ने के साथ हिंदी में लिखने और सोचने की आदत भी विकसित करनी चाहिए। यह बात मध्य प्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार-प्रसार समिति की प्रदेश इकाई द्वारा हिंदी दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा-प्रोत्साहन प्रतियोगिताओं के समापन एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अजय जैन (विदिशा) ने कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अंग्रेजी का ज्ञान आवश्यक है, लेकिन मातृभाषा एवं राष्ट्रभाषा के प्रति सम्मान और हिंदी साहित्य से जुड़ाव भी जरूरी है। ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में रचनात्मकता, अभिव्यक्ति क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। काव्य पाठ, भाषण, लोकगीत एवं चित्रांकन से शब्दांकन जैसी विधाएं विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर देती हैं।



प्रतियोगिताओं में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। काव्य पाठ में होली फेथ स्कूल की मिष्टी धमनानी प्रथम, सरस्वती शिशु मंदिर के रचित मालवीय द्वितीय तथा मॉडल पब्लिक स्कूल की नमामि तृतीय रहीं। भाषण में ज्ञान गंगा स्कूल के देव कोगे प्रथम, संस्कार विद्यापीठ की अंबिका पाल द्वितीय तथा मॉडल पब्लिक स्कूल की महक पटेल तृतीय रहीं। चित्रांकन से शब्दांकन में उत्कृष्ट स्कूल की उर्वशी नामदेव प्रथम, ज्ञान गंगा की सारिका गौर द्वितीय तथा संस्कार विद्यापीठ की श्रेया पटेल तृतीय रहीं। लोकगीत गायन में हरदा स्कूल ऑफ एजुकेशन की अर्चना प्रजापति प्रथम, संस्कार विद्यापीठ की वैदेही शर्मा द्वितीय तथा उत्कृष्ट स्कूल की गीतिका लोमारे तृतीय रहीं। प्रतियोगिताओं में राजेंद्र उपाध्याय, सुनील बागरे, जयकृष्ण चांडक, रतन सोलंकी, शिरीष अग्रवाल, आशीष साकल्ले एवं राम नेमा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रशासनिक अधिकारी प्रकाश जांगरे ने की। विशिष्ट अतिथि ओम नारायण शुक्ला एवं वरिष्ठ शिक्षक सत्यनारायण दुगाया मौजूद रहे। इस अवसर पर सत्यनारायण दुगाया को स्व. एन.पी. चौबे स्मृति शिक्षक सम्मान प्रदान किया गया।

जाम से जनता बेहाल, कार्य शीघ्र पूर्ण करने की मांग

अधूरी सड़क कंक्रीट मार्ग में सरिए निकले, हादसों की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

लोक निर्माण विभाग द्वारा चिरिया रोड से सेवालाल तिराहे तक बनाए जा रहे कंक्रीट मार्ग का कार्य अधर में लटका हुआ है। विभाग ने एक ओर का कार्य सदाशिव होटल तक कर छोड़ दिया है। पिछले दो-तीन दिन पूर्व फिर से कार्य शुरू किया गया और अचानक बंद कर देने से हालात जस के तस बने हुए हैं।

विभाग की इस लापरवाही के चलते उक्त स्थान सहित कस्बे के प्रमुख आवाजाही वाले इलाकों में निरंतर जाम की स्थिति बन रही है और सदैव दुर्घटनाओं के हालात बने हुए हैं। सड़क निर्माण की धीमी गति से पूरा कार्य अधर में अटका है। इस स्थिति में दोनों पेट्रोल पंपों और अन्य गांवों में आवाजाही करने वाले वाहन चालक सबसे ज्यादा परेशान हो रहे



हैं। दोनों पेट्रोल पंपों के मध्य कंक्रीट का कार्य अधूरा पड़ा है और बाहर निकले सरिये कभी भी गंभीर दुर्घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं। पूर्व में भाटिया पेट्रोल पंप के सामने दलदल बनने से यात्री बस तक फंस गई थी, जिसे मशीनों की मदद से निकाला गया था। इसी तरह कार एवं अन्य वाहन भी लगातार दलदल में फंस रहे थे। करीब एक हफ्ते बाद विभागीय अधिकारी और निर्माण एजेंसी के जिम्मेदार जागे, तब कहीं वहां बोल्डर डालकर मार्ग को समतल किया जा सका था। वर्तमान में भी वहां बारिश का पानी संग्रहित होने से कीचड़ भरा हुआ है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शहीद अमृता देवी बिश्नोई की मूर्ति लगाकर चौराहे का किया नामकरण

पर्यावरण की देवी थीं अमृता देवीः पूर्व मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

शहर में छीपावड-खिरकिया मार्ग अग्रवाल पेट्रोल पम्प के पास स्थित चौराहे का माँ अमृता देवी बिश्नोई चौराहा का नामकरण आज किया गया। अमर शहीद अमृता देवी विश्नोई की भव्य मूर्ति का अनावरण एवं लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बिश्नोई समाज के नागरिक समेत बड़ी संख्या में शहर एवं आसपास के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व केबिनेट मंत्री कमल पटेल ने उपस्थित होकर मूर्ति का अनावरण किया व अपने भाषण में पूर्व मंत्री पटेल ने माँ अमृता देवी बिश्नोई के बलिदान को याद करते हुए प्रथम पर्यावरण के लिए हुए आंदोलन की महिमा को सराहा और पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प दिलाया। अपने भाषण मे पूर्व मंत्री कमल



पटेल ने कहा माँ अमृता देवी ने पर्यावरण रक्षार्थ अपनी बेटियों और 363 लोगो ने बलिदान दिया ऐसा उदाहरण दुनिया मे कहीं नहीं मिलता। इस अवसर पर स्वागत भाषण में पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पटेल ने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया व खेजडली आंदोलन की महिमा बताई और नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंद्रजीत खानुजा का धन्यवाद किया। इस अवसर पर भाजपा नेता महेंद्र सिँह खनुजा ने बताया गुरु जम्भेश्वर भगवान व गुरु नानक देव का प्राकट्य समकालीन ही हुआ व लगभग समान पंथ के अनुयायी बनाए गए। कांग्रेस नेता बद्रीप्रसाद पटेल सांगवा ने कहा प्रत्येक व्यक्ति को वर्ष मे एक पेड़ लगाकर उस पेड़ का रखरखाव करके पालें यही माँ अमृता देवी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आभार न्याय समिति के अध्यक्ष हीरालाल खोकर ने किया कार्यक्रम का मंच संचालन बलिराम बिश्नोई खिरकिया ने किया।

प्रसिद्ध चिंतामन गणेश मंदिर पर लगने वाले 12 दिवसीय मेले में प्रदेश भर से लाखों श्रद्धालुओं आते हैं दर्शन करने

वन-वे सिस्टम ठप, चारों एंट्री पॉइंट बंद, मंत्री पेट्रोल पंप रोड पर ही सिमटा पूरा मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सिद्धपीठ चिंतामन गणेश मंदिर में 14 सितंबर से शुरू हो रहे 12 दिवसीय गणेशोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन इस बार आस्था के साथ अव्यवस्था का साया भी मंडरा रहा है। शहर के सबसे बड़े उत्सव के लिए प्रशासन का सबसे भरोसेमंद ट्रैफिक प्लान यानी वन-वे सिस्टम इस बार पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। बकरी पुल, नदी चौराहा और शुगर मिल क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों के कारण यातायात पुलिस के हाथ बंध गए हैं।

नतीजा यह है कि भोपाल, इंदौर, आष्टा, इछावर और अन्य जिलों से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के हजारों वाहनों के लिए अब सिर्फ एक ही रास्ता बचा है - मंत्री पेट्रोल पंप रोड। इसी एक सड़क से आना है और इसी एक सड़क से जाना है। ऐसे में बुधवार, शनिवार और रविवार को शहर में भीषण जाम और अफरा-तफरी की स्थिति बनना तय माना जा रहा है।



हर साल दो रूट, इस बार सिर्फ एक रूट पर पूरा भार : पिछले वर्षों तक गणेश मेले में ट्रैफिक को दो हिस्सों में बांटा जाता था। दर्शन के लिए आने वाले वाहनों को मंत्री पेट्रोल पंप से गणेश मंदिर की ओर भेजा जाता था, जबकि दर्शन के बाद वापसी के लिए शुगर मिल चौराहा से तहसील चौराहा, नदी चौराहा और एक्सीलेंस स्कूल होते हुए इंदौर नाका की ओर निकाला जाता था। इससे भीड़ बंट जाती थी और जाम नहीं लगता था। लेकिन इस बार यह पूरा सर्किट टूट गया है। शुगर मिल चौराहा से मनकामेश्वर मंदिर, एक्सीलेंस स्कूल और तहसील चौराहा से इंदौर नाका तक सभी वैकल्पिक मार्ग निर्माण के कारण बंद हैं।पार्किंग के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति, 300 गाड़ियों के बाद कहां जाएंगे वाहन

ट्रैफिक से भी बड़ी समस्या पार्किंग की है। प्रशासन ने इस बार सिर्फ दो जगह पार्किंग तय की है : पहली पुलिया के पास टीले पर और दूसरी पुरानी नर्सरी ईंट भट्ठों के पास। दोनों जगहों की कुल क्षमता सिर्फ 300 चार पहिया वाहनों की है, जबकि गणेश चतुर्थी और रविवार को 8 से 10 हजार वाहन शहर में आते हैं। ऐसे में हजारों वाहन सड़कों पर ही खड़े होंगे और जाम की स्थिति और भयावह हो जाएगी। स्थानीय दुकानदारों और रहवासियों ने भी इसको लेकर चिंता जताई है।

कलेक्टर-पुलिस ने लिया जायजा, 12 दिन चलेगा महोत्सवः व्यवस्थाओं को लेकर गुरुवार को कलेक्टर बालागुरु के. और एसपी सहित पुलिस अधिकारियों ने गणेश मंदिर का दौरा किया। मंदिर के प्रबंधक पंडित पृथ्वी बल्लभ दुबे और पुजारी पंडित हेमंत बल्लभ दुबे ने बताया कि इस बार उत्सव 12 दिन का रहेगा। 14 सितंबर को सुबह 4 से 6 बजे तक विशेष अभिषेक होगा और दोपहर में जन्म आरती के साथ मेले की शुरुआत होगी। मंदिर परिसर में झूले और दुकानें सजनी शुरू हो गई हैं।